राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 2234 / 2023 दिनांकः 25 अगस्त, 2023

विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 1058 / सत्तर–1–2023–16(11) / 2014 टी0सी0–।। द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि 24.07.2023 निर्धारित की गई है तथा विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये शैक्षणिक कलैण्डर में सत्र 2023–24 में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि 26.07.2023 निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल के विश्लेषण करने पर पाया गया कि अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश प्रक्रिया (रिपोर्टिंग एवं एडमिट) यथातिथि तक पूर्ण नहीं किये गये है।

व्यापक छात्र हित में मा0 कुलपति जी द्वारा स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए वेब रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31.08.2023 तथा शैक्षणिक सत्र 2023–24 में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया (रिपोर्टिंग एवं एडमिट) पूर्ण करने की अंतिम तिथि 07.09.2023 निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि के बाद सत्र 2023–24 में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश पोर्टल विश्वविद्यालय द्वारा बंद कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालयों का होगा।

25/8/23
(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, परिक्षेत्र आगरा / अलीगढ़।
03. प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
04. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं महाविद्यालय लॉगइन पर अपलोड किये जाने हेतु।
05. स्थानीय सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशन किये जाने हेतु।
06. गार्ड फाइल।

25.8.23
सहा0 कुलसचिव